May 8
रांची,बुधवार
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
dailykhabar99.com

# डेली खबर 99

सच्चाई का उजागर

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99

## PM मोदी ने सैम पित्रोदा की 'त्वचा के रंग' वाली टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी पर बोला हमला




**तेलंगाना:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की 'त्वचा के रंग' वाली कथित टिप्पणी को लेकर विपक्षी दल पर हमला बोला और कहा कि देशवासी त्वचा के रंग को लेकर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे. कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें अब समझ में आया कि कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को इसलिए हराना चाहती थी क्योंकि उनकी 'त्वचा का रंग काला है.'पित्रोदा की कथित टिप्पणी पर मचे विवाद के बीच मोदी ने पूछा, "क्या मेरे देश में त्वचा के रंग के आधार पर लोगों की क्षमता तय होगी?" उन्होंने पूछा, "शहजादे को त्वचा के रंग के इस खेल की अनुमति किसने दी?"पित्रोदा ने कथित तौर पर कहा है कि पूर्वी भारत के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं, जबकि दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं. इससे विवाद खड़ा हो गया है.

**मोदी ने कहा, " मैं आज गुस्से में हूं. अगर कोई मुझे गाली देता है तो मुझे गुस्सा नहीं आता. मैं बर्दाश्त कर सकता हूं. लेकिन शहजादे के दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दे दी, जिससे मुझे गुस्सा आ गया है."**

उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चुनावी रैलियों में संविधान दिखाए जाने का हवाला देते हुए पूछा कि क्या संविधान को सिर पर रखकर नाचने वाले लोग त्वचा के रंग के आधार पर देशवासियों का अपमान कर रहे हैं या नहीं? मोदी ने कहा कि देशवासी त्वचा के रंग के आधार पर अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि 'शहज़ादे' (राहुल गांधी) को जवाब देना चाहिए.मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें अब पता चला कि मुर्मू की इतनी अच्छी प्रतिष्ठता होने के बावजूद कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें क्यों हराना चाहती थी. उन्होंने कहा, "शहज़ादे के दार्शनिक और मार्गदर्शक अंकल ने बड़ा राज़ जाहिर किया है. उन्होंने बताया कि जिनकी त्वचा का रंग काला है, वे सभी अफ्रीका के रहने वाले हैं."प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि इसका मतलब है कि उन्होंने (पित्रोदा ने) त्वचा के रंग के आधार पर देश के कई लोगों को गाली दी. मोदी ने कहा कि त्वचा का रंग चाहे जो भी हो, देशवासी भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं जिनकी त्वचा का रंग "हम सभी की तरह था."

## हरियाणा में बदले सियासी घटनाक्रम पर स्पीकर का बड़ा बयान




**चंडीगढ़:** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों का बीजेपी सरकार से समर्थन वापसी के बाद प्रदेश में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस जहां बीजेपी सरकार से नैतिकता के आधार पर सीएम नायब सैनी का इस्तीफा मांग रही है वहीं पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया है कि उनके संपर्क में कुछ विधायक हैं। इस बीच हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों का सरकार से समर्थन वापस लेने की सूचना विधानसभा के पास फिलहाल नहीं है। सरकार अल्पमत में है या बहुमत में इसका निर्णय सदन में होता है।

### स्पीकर ने कही ये बात

उन्होंने कहा कि अल्पमत पर निर्णय राज्यपाल की तरफ से लिया जाता है। अभी तक विधानसभा को राज्यपाल की तरफ से भी कोई सूचना नहीं मिली है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि 12 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का फ्लोर टेस्ट हुआ था। जिसमें कांग्रेस विधायकों और आईएनएलडी विधायक को छोड़ कर सभी विधायकों ने बीजेपी को समर्थन दिया। तब विधानसभा में भाजपा के पास 40 विधायक, 30 कांग्रेस, 10 जेजेपी, 6 निर्दलीय, 1 हलोपा और 1 विधायक आईएनएलडी का शामिल था। तब नायब सिंह सैनी ने अपना बहुमत साबित किया था।

# AAP नेता मनीष सिसोदिया की जमानत पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई, ED-CBI को जवाब देने के लिए मिला और समय



दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करने के लिए ED और CBI ने 7 दिन का समय मांगा है. इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने एजेंसियों को 4 और दिन का समय दिया है. दिल्ली हाई कोर्ट में अब मनीष सिसोदिया की ज़मानत याचिका पर अगली सुनवाई सोमवार को होगी.इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार 3 मई को CBI और ED को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था और मामले को आज सुनवाई के लिए रखा गया था. बुधवार को सुनवाई के दौरान ED और CBI के वकील कोर्ट के सामने पेश हुए और कहा कि उन्हें मामले पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए और समय चाहिए.हालांकि इस मामले में मनीष सिसोदिया के वकील विवेक जैन ने अतिरिक्त समय की मांग का विरोध किया. जैन ने विरोध करते हुए कहा कि मनीष सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं और प्रवर्तन निदेशालय यानि ED ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया था कि केस 6 महीने में पूरा हो जाएगा.दिल्ली हाईकोर्ट ने 3 मई को मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी-सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था. सिसोदिया ने राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज करने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है. जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था.सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने ईडी से सवाल किया था कि जब सिसोदिया को उनकी पत्नी से हफ्ते में एक दिन मिलने की इजाजत है, तो फिर अब इसे जारी रखने में क्या दिक्कत है, जिसके बाद आज मामले की सुनवाई हुई. राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने 30 अप्रैल को सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था. सिसोदिया दूसरी बार नियमित जमानत की मांग कर रहे थे.

## दिल्ली पुलिस ने ड्रग सिंडीकेट का किया भंडाफोड़, 5 किलो ड्रग्स की जब्त



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ड्रग सिंडीकेट भंडाफोड़ किया है. स्पेशल सेल ने तकरीबन 5 किलोग्राम की फाइन क्वालिटी की ड्रग्स जब्त की. ये ड्रग्स यूपी और उत्तराखंड से लाई गई थी, जिसे देश के अलग अलग राज्यों में सप्लाई किया जाना था. आरोपी इस ड्रग का इस्तेमाल ताड़ी (Palm Wine) में मिलाने के लिए करते थे. आरोपी इस ड्रग्स की तस्करी कोरियर के जरिए करते थे.ड्रग्स को पहले एक प्लास्टिक पॉलिथीन में लपेटा जाता था और स्कैनिंग मशीन से बचाने के लिए और जांच अधिकारियों को चकमा देने के लिए गत्ते के 3 से ज्यादा डिब्बों का इस्तेमाल करते थे. दिल्ली पुलिस ने गजरौला में फैक्ट्री पर भी छापा मारा, जहां इस ड्रग्स को बनाने का काम किया जा रहा था. छापेमारी के दौरान पुलिस ने 700 के रॉ मैटीरियल और ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल की जा रही मशीनों को भी जब्त किया है.इस मामले में स्पेशल सेल ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी उत्तराखंड, यूपी और तेलंगाना के रहने वाले है. दरअसल स्पेशल सेल ने अप्रैल में एक संदिग्ध पार्सल कोरियर कंपनी के वेयर हाउस से पकड़ा था जिसके बाद ये गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा.

## दिल्ली में भीषण गर्मी, 40 पार पहुंच रहा पारा; जानें अगले कुछ दिनों में कैसा रहेगा मौसम



मई महीने के शुरुआती दिनों में ही देशभर में गर्मी का सितम बढ़ने लगा है. राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को अधिकतम तापमान रिकॉर्ड 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस गर्मी के मौसम में सबसे अधिक है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की तरफ से भी इस बारे में जानकारी मुहैया कराई गई. अगले तीन दिनों तक दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है.

### आज अधिकतम तापमान 41 तक पहुंचने की संभावना

दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के सामान्य तापमान से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि शहर में आज आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है. सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 62 प्रतिशत दर्ज किया गया. अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है.

### मंगलवार को इस सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज

आईएमडी द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी में मंगलवार यह सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है. इससे पहले छह मई सबसे गर्म दिन रहा था, जब अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सिय्स दर्ज किया गया था. मौसम विभाग के मुताबिक, वर्ष 2023 के मई महीने के दूसरे सप्ताह के दौरान राजधानी में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था और पिछले गर्मी के मौसम में उष्ण लहर नहीं रही थी.सफदरजंग में दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि दिल्ली के बाहरी इलाकों में कुछ स्टेशन ज्यादा गर्म रहे. नजफगढ़ 43.9 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा

# धनबाद के धनसार में एक युवक के साथ मारपीट, कनपटी पर पिस्टल सटा कर बदमाशों ने पैसे भी छीन लिए



**धनबाद :** गांधी रोड निवासी अजय रजक को एक दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने बुधवार की सुबह तेतुलतल्ला ग्राउंड के समीप लाठी व डंडे से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान वहां सब्जी खरीदारी कर रहे लोगों के बीच भगदड़ मच गई। दुकानदारों ने इसकी सूचना बैक मोड़ थाना पुलिस को दी।

### पुरानी रंजिश का बताया जा रहा मामला

स्थानीय लोगों ने अजय को बेहोशी अवस्था में जोड़ाफाटक रोड स्थित नर्सिंग होम ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे धनबाद रेफर कर दिया। मामला पुरानी रंजिश बताया जा रहा है।अजय के स्वजन ने बताया कि 27 मार्च को गांधी रोड हल्दी पट्टी में अजय का दोस्त सुधांशु घर बना रहा था। जहां कुछ लोगों ने उसके घर के निर्माण को रोक दिया था। विवाद के बाद मारपीट हुई थी। उस वक्त भी अजय की पिटाई विपक्ष ने की थी।

### दर्जनभर लोगों ने की अजय की पिटाई

स्वजन का कहना है कि उस वक्त दोनों पक्षों ने धनसार थाना में शिकायत की थी। धनसार पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मामला दर्ज किया था। वही अजय के दोस्त सुधांश के शिकायत के बाद पुलिस ने सन्हा दर्ज किया था।पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करती तो आज यह घटना नहीं घटती। बता दे कि बुधवार की सुबह अजय सब्जी लेने पुराना बाजार गया था। जहां पहले से घात लगाए परमानंद यादव सहित एक दर्जन लोगों ने पिटाई कर दी। सूचना पाकर धनसार व बैंक मोड़ पुलिस पहुंच मामले की जानकारी लेने में जुट गई है।

### बदमाशों ने रुपये भी छीन लिए

पुलिस धनबाद अस्पताल पहुंच घायल से फर्द बयान लिया। अजय ने पुलिस को बताया कि वह स्कूल वैन चलाता है। सुबह 4500 सौ रुपये तगादा कर सब्जी खरीदते हुए घर आ रहा था। तभी पहले से घात लगाए परमानंद व उसके साथियों ने मुझे घेर लिया।परमानंद ने मेरे कनपटी पर पिस्टल सटा पुरानी घटना को दोहराते हुए मारपीट कर 4500 सौ रुपये छीन लिया। वह व उसके अन्य साथियों ने मुझे लाठी, डंडा, हाकी व रड़ से पिटाई करने लगे।

## धनबाद में इंटर की छात्र-छात्रा का गला रेता, एक की मौत; इलाके में मचा हड़कंप



**धनबाद:** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित पोलाडीह के पास एक बाउंड्री के अंदर इंटर की छात्रा निशा कुमारी महतो और इंटर का छात्र विशाल रजवार का गला रेत दिया गया। छात्रा निशा कुमारी की जान घटनास्थल पर ही चली गई।वहीं, गंभीर अवस्था में छात्र विशाल कुमार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। विशाल की स्थिति काफी नाजुक है। घटना बुधवार दोपहर 3 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

### क्या है मामला

बताया जाता है कि एक बाउंड्री के पीछे लहूलुहान अवस्था में निशा पड़ी हुई थी, जबकि विशाल भी तड़प रहा था। इस पर आसपास के लोगों की नजर पड़ी। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद दोनों को अस्पताल लाया गया।यहां जांच के बाद डॉक्टरों की टीम ने छात्रा निशा कुमारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि छात्र विशाल का इलाज जारी है। दोनों की उम्र 18 से 20 साल बताई जा रही है। लड़की यादवपुर प्लस टू स्कूल में इंटर की छात्रा है।वहीं, लड़का राजगंज इंटर कॉलेज में इंटर का छात्र है। घटना की सूचना घरवालों को दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## पाकुड से हज यात्रियों का जत्था मक्का-मदीना के लिए गया रवाना



**पाकुड़.** जिला से हज यात्रा के लिए लोगों को बुधवार को रवाना किया गया. पाकुड़, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा आदि के लोग बालूघाट ट्रेन से कोलकाता के लिए रवाना हुए. कोलकाता से सभी जेद्दा के लिए उड़ान भरेंगे. मालूम हो कि सऊदी अरब स्थित मक्का और मदीना जाना हर मुसलमान का सपना होता है. हर वर्ष लाखों की संख्या में देशभर के मुसलमान वहां जाते हैं. हज पर जानेवाले समद अली एवं अन्य हाजी को परिजनों और मित्रों ने विदाई दी. पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर हज पर जाने वाले यात्रियों के रिश्तेदार दोस्त के अलावा शहर के लोग भी मौजूद रहे. लोगों ने हज यात्रियों से हज के दौरान देश में अमन शांति व खुशहाली के लिए दुआ करने की अपील की. इस बार झारखंड-बिहार के सभी हज यात्री कोलकाता से उड़ान भरेंगे. हज यात्रियों को छोड़ने के लिए अजीजुल इस्लाम, नारायण भगत, विकास साहा, कमलेश साहा, शाहिद इकबाल, दौलत मोमिन, इशहाक अंसारी आदि मौजूद रहे.

## हटिया जंक्शन पर अंदर-बाहर कर रहे थे कुछ लोग, GRP ने रोककर ट्रॉली बैग खोला तो रह गए दंग



**रांची:** आरपीएफ फ्लाइंग टीम ने रांची के हटिया रेलवे स्टेशन से 16 लाख रुपये का गांजा बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में छह गांजा तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ हटिया की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अधिकारियों को सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर ट्रॉली बैग के साथ कुछ संदिग्ध देखे गए हैं, जो लगातार किसी दूसरे रास्ते से स्टेशन से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ पोस्ट हटिया, आरपीएफ फ्लाइंग टीम और जीआरपी हटिया टीम के अधिकारियों ने मिलकर प्लेटफॉर्म नंबर 3 की घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। चेकिंग के दौरान आरपीएफ टीम ने देखा कि प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर चार बड़े ट्रॉली बैग के साथ छह लोग संदिग्ध अवस्था में एक्सीलेटर के पास बैठे हुए हैं। सूचना के आधार पर सभी 6 लोगों को हिरासत में लिया गया और जब उनके बैग की तलाशी ली गई तो उनके पास से भारी मात्रा में गांजा के पैकेट बरामद हुए। गिरफ्तार गांजा तस्करों में बिहार के दुलारचंद्रम, झारखंड के रामगढ़ के बबलू कुमार यादव, विनीत कुमार और निखिल कुमार तथा दिल्ली के इकबाल खान शामिल है।

## दोस्तों! तुम लोगों से ऐसी उम्मीद नहीं थी...गैंगरेप के बाद बेइज्जती से आहत छात्रा ने की आत्महत्या



**सवांददाता, रांची**

**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची के बीआईटी इलाके में रहने वाली छात्रा ने अपने ही दोस्तों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर आहत होकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की डायरी में मिले सुसाइड नोट से इसका खुलासा हुआ है। 5 मई को छात्रा ने अपने ही घर में आत्महत्या कर ली थी। घटनास्थल पर जांच के समय पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था। बाद में परिजनों ने पुलिस को छात्रा का सुसाइड नोट उपलब्ध कराया है।पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, सुसाड़ड नोट में छात्रा ने अपने दोस्तों पर आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से बताया गया कि बिरसा एग्रीकल्चर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के दोस्तों ने 6 मार्च को उसे बहला-फुसलाकर रांची के कोकर इलाके में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया।इस घटना के बाद से वह ठीक से रह नहीं पा रही थी। गैंगरेप के बाद भी उसके दोस्त उसे बेइज्जत करते रहे थे, जिससे वह परेशान थी, इससे आहत होकर उसने अपनी जान दे दी। सुसाइड नोट में छात्रा ने दोनों आरोपियों के नाम और फोन नंबर भी लिखे हैं। इस मामले को लेकर छात्रा की मां ने रांची के सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।इस मामले में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि पुलिस को कमरे में जांच के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। बाद में परिजनों ने पुलिस को दो सुसाइड नोट उपलब्ध कराए। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है।छात्रा के मोबाइल फोन की भी तलाशी ली जा रही है। साक्ष्य मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी, जो भी दोषी होंगे उस पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## 35 करोड़ के 'नौकर' की जांच अब कहां पहुंची? ED ने मारी मंत्रालय पर रेड, क्या है पूरा मामला



**रांची**. झारखंड के मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल के घरेलू सहायक जहांगीर आलम के घर से मिले करीब 35 करोड़ रुपए की आंच राज्य के मंत्रालय तक जा पहुंची है. यही वजह है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्रालय पर छापा मारा. जांच अधिकारी अपने साथ आरोपी संजीव लाल को लेकर प्रोजेक्ट भवन पहुंचे, जहां ग्रामीण विकास मंत्रालय है.दो दिन पहले ही ईडी ने छापेमारी के दौरान संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के घर और दूसरे ठिकानों से 35 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की थी. ईडी ने यह भी दावा किया कि मंत्री के ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान सांठगांठ में शामिल थे.केंद्रीय जांच एजेंसी ने यहां एक फ्लैट में तलाशी लेने के बाद 6 मई को संजीव कुमार लाल (52) और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम (42) को गिरफ्तार किया. तलाशी के दौरान उस फ्लैट से 32.20 करोड़ रुपये जब्त किया गया, जहां आलम रहा करता था.ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के सचिव लाल और जहांगीर आलम को यहां न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत में पेश किया गया. अदालत ने उन्हें छह दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया. ग्रामीण विकास विभाग से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत ईडी द्वारा यह जब्ती की गई.

## हेमंत सोरेन को जेल में बाल-दाढ़ी कटवाने तक की फैसिलिटी नहीं? लुक देख समर्थक बोले- आप तो पूरे गुरुजी लग रहे



**सवांददाता, रांची**

**रांची:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन महीने से अधिक समय के बाद जेल से बाहर निकले और अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में हिस्सा लेने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से बाहर आने पर हेमंत सोरेन सोमवार को नए लुक में नजर आए। 95 दिन बाद जेल से बाहर आने पर अपने नेता हेमंत सोरेन के नए लुक में देखकर उनके समर्थक भी हैरान रह गए। कुछ समर्थकों ने कहा- 'आप तो पूरे गुरुजी लग रहे'। वहीं पत्नी कल्पना सोरेन भी हेमंत सोरेन के साथ पैतृक गांव पहुंचीं।इससे पहले हेमंत सोरेन को सोमवार सुबह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से बाहर लाया गया। जेल से बाहर आने के साथ ही वे सीधे अपने पैतृक गांव नेमरा के लिए रवाना हो गए। एक दर्जन से अधिक गाड़ियों के काफिले के साथ पुलिस कस्टडी में कड़ी सुरक्षा के बीच हेमंत सोरेन नेमरा गांव पहुंचे।हेमंत सोरेन नेमरा गांव में अपने चाचा राजाराम महतो श्राद्ध कर्म में शामिल होंगे। हेमंत सोरेन की ओर से श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए प्रोविजनल बेल का आग्रह किया गया था, लेकिन अदालत ने इस याचिका को खारिज करते हुए श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए सिर्फ चंद घंटों की मोहलत दी.हेमंत सोरेन अपने पैतृक गांव नेमरा जरूर पहुंचे, लेकिन इस बार अदालत के आदेश के कारण उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी।

# जयप्रकाश भाई पटेल को बरही प्रखण्ड में जनसंपर्क के दौरान जनता का मिला साथ व समर्थन : विधायक उमाशंकर अकेला



**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने गुरुवार को बरही प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने उनकी सभाओं में उपस्थिति दर्ज की। जगह जगह कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। जनसंपर्क में सैंकड़ों ग्रामीणों ने मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस को वोट देने की बात कही। जय प्रकाश भाई पटेल ग्रामीणों द्वारा मिले अत्यंत स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत नज़र आये। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह प्रेम बता रहा है कि हज़ारीबाग़ से भाजपा का सूपड़ा साफ होने वाला है। कांग्रेस के हक में दिया गया हर एक वोट देश हित में होगा क्योंकि ये चोर और निकम्मी मोदी सरकार देश के सिर्फ बेचने का काम कर रही है। कांग्रेस द्वारा वर्षो से कड़ी मेहनत कर खड़ा किये गए राष्ट्रीय संस्थाओं को अमीरों के हाथों बेच दिया गया है। हर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय करने वाली मोदी सरकार अब अपने आखिरी दिन गिन रही है। सिर्फ हज़ारीबाग़ ही नहीं पूरे देश से भाजपा को यहां की जनता बाहर निकालने का काम करेगी। जनसंपर्क से पहले उन्होंने रोमी में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों संग बैठक की।जनसंपर्क बरही विधायक उमाशंकर अकेला, आरजेडी से पूनम यादव ,सुखदेव यादव,झारखण्ड प्रदेश एससी विभाग के अध्यक्ष केदार पासवान, देवदयाल कुशवाहा, नीलकंठ महतो, इकबाल राजा, अफरोज आलम, मीनू, अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद छोटू, मोहम्मद वारिस, सुनील साहू, परवेज आलम, मोहम्मद असलम, दीपक गुप्ता, मोहम्मद मनन वारसी प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस, डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, प्रयाग यादव, विनोद विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा,मीना देवी, पिंकी देवी बरही प्रमुख मनोज रजक,कार्तिक पासवान,पंकज पासवान ,अनिल रॉय, चरका यादव, संजय यादव, सिकंदर राणा, महादेव यादव, छटू गोप आदि साथ थे।

### वन विभाग की लगातार दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी, विभिन्न प्रजाति के जलावन लकड़ियां जप्त



**चौपारण**: प्रखंड चौपारण के चोरदाहा पंचायत के जमुनियतरी के जंगल से आज दूसरे दिन भी विभिन्न प्रजाति बल्ली और जलावन भारी मात्रा में बरामद किया ।बता दे की जंगल को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी खबर का असर के कारण ही वन विभाग हरकत में आया और दूसरे दिन भी कार्रवाई किया गया ज्ञात हो कि गौतम बुद्ध वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र तस्करों का सेफ जोन माना जाता है। यही कारण है कि लकड़ी, आरा मशीन, अफीम, पत्थर, अबरख एवं अन्य वन्य संपदा का लूट मचा हुआ है। आज दूसरे दिन की कार्रवाई में विभिन्न प्रजाति की बल्ली और जलावन बरामद हुआ है मगर तस्करों में भय का नाम नहीं है एक और विभाग द्वारा कुछ लकड़ियों को जप्त कार्यालय लाया जाता है वही उससे ज्यादा विभिन्न प्रकार की जलावन लकड़िया बिहार भेजा जाता है। विभाग द्वारा रात में ना तो गस्ती किया जाता है और ना ही दनुआ चेक नाका पर रात में कोई सरकारी कर्मचारी नही रहते हैं।

# चौपारण पुलिस को मिली बड़ी सफलता,झाड़ियों में रखे नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाले स्प्रिट,ढक्कन एवं कई सामग्री किया बरामद



सवांददाता, चौपारण

चौपारण (हजारीबाग): प्रखंड थाना के अंतर्गत बताते चलें की चौपारण सरकारी शराब दुकान में भी कई बार प्रिंट से ज्यादा वसूली और दो नंबर शराब को लेकर चर्चा में बराबर रहती है,कई बार मारपीट एवं आगजनी की घटना भी घट चुका है,थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम-पड़रिया गांव में सुनसान स्थान पर सड़क किनारे झाड़ियों के बीच में छीपाकर भारी मात्रा में अवैध स्प्रिट, ढक्कन, स्टीकर एवं लेबल (रैपर) सप्लाई करने हेतु रखा गया है, जिसे चारपहिया वाहन में लोडकर बिहार ले जाने की योजना है। इस सूचना के आलोक में एक छापामारी दल का गठन किया गया, पड़रिया गांव के अंतिम छोर में सुनसान स्थान पर पहुंचकर आस-पास के क्षेत्र में तलाशी लेना प्रारंभ किए तलाशी के क्रम में सड़क से करीब बीस गज दूरी पर झाड़ियों में छीपाकर रखा पांच प्लास्टिक का गिलन बरामद हुआ, जिसे खोलकर देखने पर सभी में करीब पचास पचास लीटर करीब 250 लीटर अवैध स्प्रिट भरा हुआ पाया गया, वहीं पर एक बड़ा प्लास्टिक के बोरी में रॉयल स्टेग कम्पनी का नकली ढक्कन करीब 2500 पीस, रॉयल स्टेग कम्पनी का नकली स्टीकर (लेबल रैपर) करीब 2500 पीस तथा झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत किया जाने वाला नकली निर्मित बारकोड 1500 पीस बरामद हुआ, जिसे विधिवत् जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। जांच के क्रम में पता चला कि उक्त बरामद सामानों को बिहार ले जाने की तैयारी थी, जिससे नकली रॉयल स्टेग शराब बनाकर बिक्री करके अधिक मुनाफाखोरी किया जाता। इस संदर्भ में चौपारण थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया एवं उत्पाद अधिनियम 63/65 कॉपी राईट एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर उपरोक्त बरामद सामानों का तस्करी करने वाले अज्ञात अभियुक्त का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी दीपक सिंह, एएसआई नीलेश कुमार रंजन व सशस्त्र बल के जवान जवान शामिल थे।

# एनडीए हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का विष्णुगढ प्रखंड के सघन दौरे एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया



**विष्णुगढ़।** एनडीए हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का विष्णुगढ दौरे में आठ मील चौक में भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। विष्णुगढ प्रखंड के सघन दौरे एवं जनसंपर्क अभियान के तहत भेलवारा, गोविंदपुर, कुसुम्भा एवं विष्णुगढ़ में जनसंपर्क के साथ नुक्कड़ सभा किया गया। इसके पश्चात विष्णुगढ सात मील चौक से बनासो भव्य रोड शो किया गया।नुक्कड़ सभाओं के दौरान सम्बोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि विपक्ष अपनी हार देखकर बौखला गया है। विपक्ष के पास ना नीति है ना,ना नियत है,ना ही नेता और ना ही कोई मुद्दा है, इसी बौखलाहट में मेरे ऊपर निजी हमले किये जा रहे है। इसका आप सब मतदाताओं 20 मई 2024 को कमल के निशान पर वोट देकर जवाब देना है। विपक्ष के नेता कुर्मी समुदाय से आते है,परन्तु देश के सबसे बड़े कुर्मी नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल को अपमानित करने वाली पार्टी काँग्रेस के साथ खड़े है। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल,साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,सुशील मंडल,रंजीत गुप्ता,सुशील महतो,डुमरचन्द महतो,सुनील कुमार वर्मा,कुँवर हांसदा,लिलो महतो,अशोक गुप्ता,छोटीलाल शर्मा,रूपेंद्र महतो,टेकलाल यादव,सोनू कुमार,सतीश राम,संतोष कुमार महतो,राजेश सोनी,गौतम भारती,अंजू देवी,रीना बर्मन,सीमा देवी,गायत्री देवी,प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा,डॉ. ए जब्बार,कन्हाई यादव,रवि कुमार पांडेय,दीपक कुमार रजक,विनोद गुप्ता,नीतीश कुमार बर्णवाल, संदीप कुमार कसेरा,राजू यादव,संतोष पासवान, तुलसी महतो,बंटी श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह,सुखदेव मंडल,अशोक मंडल,सुरेश राम ,चंद्रमोहन दास, मन्नू पाण्डेय, राजकुमार सिंह,रवि महतो, संतोष महतो,हरीश पटेल,सुधीर कुमार,रोहित कुमार,झल्लू पंडित, सुनील मिश्रा, अनूप कुमार कसेरा,विजय कुमार कसेरा,प्रदीप कुमार कसेरा,जागेश्वर मंडल,राजेन्द्र यादव, सतीश पटेल,रंजीत पासवान,विवेक गुप्ता,दीपू भाई,विनोद सिंह,लखन प्रसाद,राजा बाबू,डब्लू सोनी,भीम राम समेत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल रहे।

# चोरदाहा, दैहर व झापा पंचायतो में पूर्व विधायक ने बैठक व जनसम्पर्क कर भाजपा के लिए मांगा वोट



**सवांददाता, चौपारण**

चौपारण बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में चलाया जनसम्पर्क अभियान,चोरदाहा दैहर व झापा पंचायतों में शक्ति केंद्र प्रमुख व कार्यकर्ताओं संग बैठक कर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की लोकप्रियता ने ही उनको टिकट दिलवाया। राष्ट्रहित के लिए भाजपा को वोट करें , विपक्ष जनता को बरगलाने का काम कर रही है। संविधान की रक्षा मोदी जी ही कर सकते है। मोदी जी जो कहते है ओ जरूर करते है यही मोदी की गारंटी है। मनीष जायसवाल जी भारी मतों से जीत रहे है आप भी इसका गवाह बने और भाजपा को वोट करें। इस दौरान जीप सदस्य राकेश रंजन, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरुप पासवान, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, महामंत्री आशीष सिंह, कैलाश पांडेय, जनमेजय सिंह.. सहित कई लोग उपस्थित थे.

# बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने आज साहू भवन चौपारण में साहू समाज के लोगों के साथ की बैठक



**हजारीबाग** : चौपारण में अम्बा प्रसाद ने साहू समाज के लोगों के साथ बैठक किया. आज भाजपा के परंपरागत साहु समाज के वोट में सेंधमारी करने के लिए कांग्रेस ने की तैयारी। लोकप्रिय विधायक अंबा को जमीन पर उतारा गया. चौपारण के साहु भवन में समाज के लोगों ने अम्बा प्रसाद का भव्य स्वागत किया। वहीं चौपारण बाजार में भी वैश्य समाज की वोट को अपने पक्ष में करने के लिए जनसंपर्क किया।कहा कि जैसे लडकी की शादी में वर को देखते हैं, वर के पिता को नहीं। वैसे ही पीएम को नहीं, प्रत्याशी को देखे.

# बिहार में लालू यादव की पलटी मार सियासत, आरक्षण पर फ्रंट पर खेलने वाले RJD प्रमुख क्यों हुए बैक; जानें वजह



**डेली खबर 99 सवांददाता, पटना**

**पटना:** आरक्षण को लेकर देश की सियासत में भूचाल आ गया है। ऐसा नहीं कि धर्म के आधार पर आरक्षण का मुद्दा भाजपा के लिए कोई नया मुद्दा है। पर कर्नाटक का हवाला देकर पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के तमाम नामचीन नेताओं ने धर्म के आधार पर आरक्षण को लेकर बवाल मचाए हुए थे, उनके इन आरोपों की पुष्टि के लिए लालू यादव जैसे इंडिया गठबंधन का एक मजबूत चेहरा जरूर मिल गया। अब भाजपा नेताओं को कोई प्रमाण देने की जरूरत नहीं रही कि इंडिया गठबंधन पिछड़ों के आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है।

## लालू ने क्या कहा और क्यों कहा?

राजनीतिक गलियारों में जो चर्चा है, उसके अनुसार दो चरणों के वोट टेंडेंसी को लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव खुश नहीं थे। उनके सलाहकारों ने भी इस बात की पुष्टि किया कि मुस्लिम वोटर आक्रामक वोट नहीं कर रहे हैं। अपने आधार वोट की आक्रामकता की विसात पर फेल्योर होते लालू यादव ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने वाला बयान जारी तो कर दिया। परंतु लालू यादव के चेहरे को आगे कर कर्नाटक में दिए जा रहे धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रमाण देते पीएम नरेंद्र मोदी समेत तमाम भाजपा नेताओं ने जब हमला बोलना शुरू किया तो लालू यादव को बैकफुट पर आना पड़ा।

## मोदी ने लालू को घेरा

धर्म के आधार पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने वकालत क्या की, पीएम नरेंद्र मोदी को कर्नाटक आरक्षण प्रसंग की पुष्टि हेतु चेहरा मिल गया। और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश की एक चुनावी सभा में जनता को संबोधित करते कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण को लेकर कांग्रेस चुप है, लेकिन इंडिया गठबंधन के प्रमुख साथी और सूत्रधार लालू यादव ने धर्म के आधार पर स्पष्ट वक्तव्य देकर अपने इरादों की पुष्टि कर दी है। पीएम ने कहा कि जो चारा खाने के कारण जेल में हैं। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने सजा दी। अब ऐसे लोग कह रहे हैं कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए।

## क्यों बैक फुट पर लौटे लालू?

धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात कह कर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अपने दल के रणनीतिकारों की ही होश उड़ा दी। दरअसल लालू यादव के इस बयान से एक तरफ मुस्लिम को आरक्षण तो देने के इरादे की पुष्टि तो हुई पर साथ इसके यह भी संदेश गया कि मुस्लिमों को आरक्षण देने हेतु पिछड़ों को अपने कोटे से मुस्लिमों के आरक्षण के लिए जगह देनी होगी। और जिसे पीएम मोदी समेत वरीय नेताओं ने पिछड़ों के आरक्षण में डाका की संज्ञा दी। यही कारण है कि लालू को अब बैकफुट पर आना पड़ा।

# गला दबाकर की हत्या, फिर खेत में दफना दी लाश, 7 दिन बाद मिला शव तो चाचा ही निकला हत्यारा



**कटिहार:** बिहार के कटिहार में 7 दिन से लापता बच्चे का शव खेत में मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना कटिहार के कदवा थाना क्षेत्र के पहलागढ़ गांव की है। यहां 7 दिन से लापता 9 साल के बंसी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में चाचा ने ही अपने भतीजे का किडनैप किया और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को गड्ढे में दफना दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## 2 मई की शाम गायब हुआ था बंसी

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि मासूम बंसी के पिता गौरव सिंह और उनके भाई दुलाल सिंह के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी विवाद में बंसी मौत के गोद में समा गया। मृतक मासूम बंसी के परिजनों ने बताया है कि 2 मई की शाम खेलने के दौरान बंसी गायब हो गया था। उसकी तलाश जिला प्रशासन के साथ स्थानीय लोगों भी कर रहे थे।

## बंसी के पिता ने भाई पर जताया था शव

7 दिन बाद गौरव सिंह के घर के पीछे मक्का के खेत में बच्चे का शव बरामद हुआ। हालांकि गौरव सिंह ने बच्चे के गायब होने वाले दिन बंसी के अपहरण की आशंका जताई थी। गौरव ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया था कि उसे बेटे के गायब होने के पीछे भाई दुलाल सिंह का हाथ लग रहा है।पुलिस ने आज शव मिलने पर दुलाल सिंह और उनके खेत के बट्टेदार मोहम्मद शाकिर के सख्ती से पूछताछ की।

# करीना कपूर ने छोड़ी केजीएफ एक्टर यश की फिल्म टॉक्सिक, इस रोल से संतुष्ट नहीं थीं एक्ट्रेस





करीना कपूर खान बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में से एक हैं. उन्होंने कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया है. बीते दिनों करीना कपूर खान अपनी फिल्म क्रू को लेकर काफी चर्चा में रही थीं. बहुत जल्द वह केजीएफ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक: अ फेयरी टेल ग्रोन अप्स' में नजर आने वाली थी, लेकिन अब खबर है कि करीना कपूर से इस फिल्म से खुद को अलग कर लिया है. इसके पीछे एक्ट्रेस का बड़ा कारण बताया जा रहा है. खबरों की मानें तो करीना कपूर टॉक्सिक में यश की बहन का रोल करने वाली थीं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो करीना कपूर फिल्म में यश की बहन का रोल नहीं करना चाहती थीं. इस कारण उन्होंने खुद को फिल्म से अलग कर लिया है. हालांकि इसको लेकर न तो टॉक्सिक के मेकर्स और न ही करीना कपूर की ओर से आधिकारिक पुष्टि हुई है.

टॉक्सिक एक पैन इंडिया फिल्म है ऐसे में मेकर्स बेबो के रोल के लिए अब नए चेहरे को कास्ट करने पर ध्यान दे रहे हैं. रॉकिंग स्टार यश की 'टॉक्सिक: अ फेयरी टेल फॉर ग्रोनअप्स' को गीतू मोहनदास डायरेक्ट कर रही हैं जबकि वेंकट के नारायण के केवीएन प्रोडक्शंस और यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस इसके प्रोड्यूसर हैं.बीते दिनों टॉक्सिक की शूटिंग शुरू कर दी है. फिल्म की घोषणा के बाद, एक विशेष वीडियो साझा किया गया, जिसमें आग की लपटें, एक जलता हुआ टिकट, एक जोकर की तस्वीर, एक सिगार पीते हुए आदमी और बहुत कुछ जैसे आकर्षक ग्राफिक्स दिखाए गए.


जनता अब भर रही
हुंकार
अबकी बार
जय प्रकाश
जय प्रकाश भाई पटेल
कांग्रेस प्रत्याशी
हज़ारीबाग़ लोकसभा



ये है मोदी की गारंटी
फिर एक बार
मोदी सरकार
एयरपोर्ट, मेट्रो और हाइवे का करेंगे विस्तार
कमल का बटन दबाएं
भाजपा को जिताएं


SALE!
ABHI IT SERVICES
50% OFF
DIGITAL
MARKETING
EXPERT
न्यूज़ पोर्टल या किसी भी तरह की वेबसाइट बनाने के लिए संपर्क करें
TODAY
ONLY
@22,999
CONTACT US
8292706529
abhishekgahlot99999@.com

# SRH vs LSG Live: लखनऊ सुपर जायंट्स को लगा तगड़ा झटका, क्विंटन डि कॉक लौटे पवेलियन




**SRH vs LSG Live Score: IPL 2024 का 57वां मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिहाज से दोनों ही टीमों के लिए ये मैच बहुत ही अहम है। हैदराबाद की टीम प्वाइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है। टीम के 11 मैचों में 12 अंक हैं। वहीं लखनऊ की टीम प्वाइंट्स टेबल में छठे नंबर पर मौजूद है। लखनऊ के भी 11 मैचों में 12 अंक हैं। लेकिन नेट रन रेट के मामले में हैदराबाद की टीम लखनऊ से आगे है। ऐसे में आज जीतने वाली टीम प्लेऑफ के लिए अपने कदम बढ़ा देगी।**




## SRH vs LSG दोनों टीमों की प्लेइंग 11 में हुए इतने बदलाव, इस खिलाड़ी की लंबे समय बाद वापसी



SRH vs LSG Match: इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन का 57वां मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है, जिसमें लखनऊ सुपर जाएंट्स टीम के कप्तान केएल राहुल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। दोनों ही टीमों को अपने पिछले मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, ऐसे में प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए लखनऊ और हैदराबाद के लिए ये मुकाबला काफी अहम माना जा रहा है। वहीं इस मैच के लिए दोनों टीमों की प्लेइंग 11 में बड़े बदलाव भी देखने को मिले हैं, जिसमें लंबे समय के बाद लखनऊ की टीम में क्विंटन डी कॉक की वापसी हुई है, वहीं इसके अलावा कृष्णप्पा गौतम को भी जगह मिली है।

### विजयकांत व्यासकांत को मिला डेब्यू का मौका

इस मुकाबले के लिए लखनऊ सुपर जाएंट्स टीम की प्लेइंग 11 को लेकर बात की जाए तो पिछले कई मुकाबलों से अनफिट होने की वजह से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक की टीम में वापसी हुई है। वहीं इसके अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में लखनऊ टीम के तेज गेंदबाज मोहसिन खान चोटिल हो गए थे, जिसके बाद उनकी जगह पर इस मुकाबले के लिए स्पिनर कृष्णप्पा गौतम को शामिल किया गया है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद टीम में हुए बदलाव को लेकर बात की जाए तो उसमें जयदेव उनादकट को जहां वापसी का मौका मिला है तो वहीं मार्को यान्सन की जगह पर श्रीलंकाई स्पिनर विजयकांत व्यासकांत आईपीएल में डेब्यू कर रहे हैं।

